वन उत्पादकता संस्थान, रांची

(भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून)

प्रकृति कार्यक्रम के अंतर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय पलामू- 1 में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम

30.08.2022

वन उत्पादकता संस्थान, रांची के श्री निशार आलम, श्री विष्णु देव पंडित एवं श्री रिकेश कुमार के द्वारा संस्थान के निदेशक डा. नितिन कुलकर्णी के तत्पर निर्देशन में "प्रकृति कार्यक्रम" के अंतर्गत दिनांक 30/08 /2022 को जवाहर नवोदय विद्यालय पलामू-1 में पर्यावरण जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्राचार्य मो. नयीम के सहयोग से शिक्षकों सहित लगभग 70 विद्यार्थियों ने भाग लिया |शिक्षक श्री तन्मय खान द्वारा विषय प्रवेश के बाद श्री निशार आलम ने संस्थान की गतिविधियों एवं आज के कार्यक्रम का परिचय दिया एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया |

श्री रिकेश कुमार ने वैश्विक तापन पर अपनी प्रस्तुति देते हुए वैश्विक तापन के विभिन्न कारणों को विस्तार से समझाया एवं जल चक्र, खाद्य श्रृंखला एवं पारिस्थितिकी विविधता पर विस्तार से चर्चा की |

आयोजित प्रकृति कार्यक्रम की झलकियां

प्रकृति कार्यक्रम

तकनीकी अधिकारी श्री बी. डी. पंडित ने वैश्विक तापन के कारण हरित गृह प्रभाव, ओजोन परत का नुकसान आदि पर चर्चा करते हुए वायुमंडल के विभिन्न परतों को समझाया एवं इसके कारण हो रहे जलवायु परिवर्तन की विस्तार से चर्चा की |पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण को सबसे सफल माध्यम बताया एवं विद्यार्थियों से पौधरोपण की अपील की। दिव्या सिंह, समन खातुन, नवीन कुमार सृष्टि कुजूर, आशुतोष, विशाल कुमार आदि छात्रों ने उत्सुकता से चर्चा में भाग लेते हुए कई प्रश्न पूछे जिसका निदान किया गया |

श्री तन्मय खान ने धन्यवाद ज्ञापित किया एवं इस तरह के कार्यक्रम को लगातार अन्तराल में करने का आग्रह किया।